# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.08.2025 समय : 1850

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी जापान की यात्रा के दौरान कहा कि जापान की तकनीक और भारत की प्रतिभा मिलकर बदलेंगे दुनिया का भविष्य।
- हॉकी के दिग्गज, मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया।
- मुख्य सचिव ने द्वीप सुगंध सेल आउटलेट का उद्‌घाटन किया। अब स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा एक मजबूत बाज़ार।
- एस. बी. आई द्वारा ग्रामीण महिलाओं को फार्स्ट फूड स्टॉलों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की पहल की गई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो में जापान आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए कहा कि जापान की तकनीक और भारत की प्रतिभा मिलकर इस सदी की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सकते हैं। जापान टेक्नॉलोजी का और भारत प्रतिभा का पावर हाऊस है। उन्होंने बताया कि भारत अब रक्षा और अंतरिक्ष के बाद परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को भी निजी निवेश के लिए खोल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत तेजी से दुनिया का सबसे भरोसेमंद निवेश बाजार बन रहा है, और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। जापानी कंपनियों ने अब तक भारत में चालीस अरब डॉलर से अधिक निवेश किया है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने भी कहा कि दोनों देशों की कंपनियों के बीच हुआ नया समझौता, आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत में खेल परिदृश्य में बड़े बदलाव आए हैं। इनमें जमीनी स्तर पर युवा प्रतिभाओं को मौका और विश्व स्तरीय खेल सुविधाओं का निर्माण जैसे परिवर्तन शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया, जो एथलीटों का समर्थन, खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधार और भारत को खेलों में वैश्विक केंद्र बनाने के लिए काम कर रही है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार टूर ऑपरेटर एसोसिएशन अपना आठवाँ वार्षिकोत्सव इकत्तीस अगस्त सुबह ग्यारह बजे होटल लेमन ट्री में मनाएगा। इस विशेष अवसर पर प्रशासन की पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। यह आयोजन अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के पर्यटन क्षेत्र के योगदान को उजागर करने और इसके विकास को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। एसोसिएशन का उद्देश्य इस क्षेत्र में पर्यटन उद्योग की प्रगति और इसके

सामाजिक–आर्थिक प्रभाव को प्रस्तुत करना है। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के पर्यटन उद्योग के प्रमुख लोग, व्यापारिक प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित होंगे।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार द्वारा द्वीप सुगंध सेल आउटलेट का उद्‌घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में आयुक्त व कृषि सचिव चंचल यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति रहे। इस अवसर पर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और आत्मनिर्भर समूह के सदस्यों भी सम्मिलित हुए। द्वीप सुगंध सेल आउटलेट को अंडमान और निकोबार प्रशासन ने स्थानीय उत्पादों को एक साझा मंच पर लाने के लिए स्थापित किया है। इस आउटलेट में सागरिका, वाटिका, स्व सहायता समूहों, जी.आई टैग उत्पादों और जनजातीय उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। यहाँ पर मसाले, खाद्य पदार्थ, हस्तनिर्मित साबुन, हस्तशिल्प और अन्य मूल्य संवर्धित उत्पाद उपलब्ध होंगे। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को उचित मूल्य दिलाना और द्वीपवासियों को प्रामाणिक, स्वच्छ और गुणवत्ता वाले उत्पादों को सुलभ दामों पर उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कहा कि द्वीप सुगंध – सेल आउटलेट स्थानीय किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म साबित होगा। यह पहल कृषि समुदाय को सशक्त बनाएगी, रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगी और द्वीपों की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि द्वीपों के उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए ब्रांडिंग और मूल्य संवर्धन अत्यंत आवश्यक है।

<><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए दो वर्षीय बी.एड. डिग्री पाठ्‌यक्रम में प्रवेश के लिए अस्थायी योग्यता सूची कॉलेज की वेबसाइट collegeadmission.andaman.gov.in पर दो सितम्बर को प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्तियां तीन से छह अगस्त के बीच कॉलेज में व्यक्तिगत रूप से या tagoreadmissions@gmail.com पर ऑनलाइन भेजे जा सकते हैं। यह आपत्तियां संबंधित प्रमाणपत्रों और फोटोकॉपी के साथ प्रस्तुत करनी होंगी। निर्धारित तिथियों के बाद कोई भी दावा विचाराधीन नहीं होगा और मेरिट सूची में अगले योग्य उम्मीदवार को प्रवेश दिया जाएगा। सभी चयनित उम्मीदवारों से निर्धारित तिथि और समय पर कॉलेज सभागार में उपस्थित रहने को कहा गया है। काउंसलिंग के दिन सभी मूल प्रमाणपत्रों के साथ उनकी फोटोकॉपी और प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। यदि कोई उम्मीदवार काउंसलिंग सत्र में अनुपस्थित रहता है, तो उसे प्रवेश का अवसर नहीं मिलेगा और अगले योग्य उम्मीदवार को प्रवेश दिया जाएगा।

उधर, अंडमान लॉ कॉलेज मे ंबी ए एल एल बी पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्‌यक्रम में प्रवेश के लिए रिक्त सीटों के लिए दो सितम्बर को सुबह दस बजे से कॉलेज सभागार में काउंसलिंग आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर गुरु की रसोई ने अभ्युदया कॉम्प्लेक्स, फरारगंज स्थित दिव्यांग गृह को पचास इंच का स्मार्ट टी.वी दान किया। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांग निवासियों के लिए मनोरंजन, शिक्षा और कनेक्टिविटी का स्रोत प्रदान करना है। गुरु की रसोई के संस्थापक मंदीप ग्रेवाल ने कहा कि दिव्यांग समुदाय को भी समान अवसर मिलना चाहिए। दिव्यांग गृह के कर्मचारियों ने इस योगदान के लिए आभार व्यक्त किया, जिसे संस्था की समाज सेवा की निरंतर कोशिशों का हिस्सा बताया गया।

<><><><><><>

राज्य बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, श्री विजयपुरम ने कोलिनपुर पंचायत में बारह दिवसीय 'लघु उद्यमी (फास्ट फूड स्टॉल)' प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक समाप्त किया। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्वयं सहायता समूह की पैंतीस सदस्यों ने भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि संतोष साहू, क्षेत्रीय प्रबंधक एस.बी.आई, पी.के. उमर फारूक, मुख्य प्रबंधक, UTLBC और रवि शंकर, मुख्य प्रबंधक, लीड बैंक रहे। श्री फारूक ने प्रशिक्षणार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी मेहनत से सफलता प्राप्त करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। श्री शंकर ने इस अवसर पर कहा कि लोगों की आय बढ़ी है और अब वे घर से बाहर अधिक भोजन करना पसंद करते हैं। यह अवसर सभी के लिए फायदेमंद है, और इसका लाभ उठाकर वे अपनी आय बढ़ा सकते हैं। समारोह का समापन प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करने से हुआ, जिसे मुख्य अतिथियों ने प्रदान किया। अंत में RSETI के निदेशक सी. राज ने धन्यवाद ज्ञापन किया। यह कार्यक्रम महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रशिक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है और उन्हें अपने जीवन में आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक होगा।

<><><><><><>

चेन्नई से रवाना हुआ यात्री जहाज एम.वी स्वराजद्वीप आगामी इकतीस अगस्त दो हजार पच्चीस को सुबह छः बजे श्री विजयपुरम बंदरगाह पर पहुंचेगा। जहाज पर कुल एक सौ तिरपन वयस्क यात्री सवार हैं, साथ ही तीन सौ बीस मीट्रिक टन माल और छब्बीस कंटेनर भी लदे हुए हैं। जहाज के श्री विजयपुरम आगमन पर इसे हड्डो व्हार्फ पर तैनात किया जाएगा।

<><><><><><>